**HINDI**



Attempt all questions

**Question 1**

**Write a short composition in any two of the following topics: [6 sentences]** **[6]**

**निम्नलिखित विषय में किन्हीं दो विषय पर अनुच्छेद लिखिए :**

(i)डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन (ii)समय का महत्त्व (iii)महात्मा बुद्ध (iv)पोंगल

**Question 2**

**Write the dialogue between mother and child:** **[4]**

**निम्नलिखित विषय पर एक संवाद लिखिए :**

माँ और बच्चे के बीच हुए संवाद को लिखिए :

**Question 3**

**Put punctuation marks wherever required in the following passage:** **[3]**

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को विराम - चिह्न लगाकर पुन : लिखिए :**

एक बार एक छोटा सा आम का पेड़ अपनी कहानी सुना रहा था वह कह रहा था मैं पहले छोटा सा बीज था फिर मैं पानी मिट्टी और सूरज की मदद से बड़ा हो गया अब मैं बहुत ऊँचा और खुश हूँ

**Question 4**

**Observe the given picture and write a story or an incident based on it:** **[3]**

**नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर कोई घटना या कहानी लिखिए।**



**Question 5**

**Read the passage given below and answer the questions that follow:** **[2]**

**निम्नलिखित गद्याँश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

सच्चा मित्र एक शिक्षक की भाँति होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्र को सन्मार्ग की ही ओर अग्रसर करता है, उसी प्रकार एक सच्चा मित्र अपने मित्र को पाप की गर्त में गिरने से बचाता है। मानव-जीवन अधिक रहस्यपूर्ण है। कभी-कभी जीवन में ऐसे अवसर उपस्थित हो जाते हैं, जब मनुष्य की धर्म-बुद्धि नष्ट हो जाती है और उसका मन तेज़ गति से पाप की ओर दौड़ता है। ऐसे समय में मित्र का ही उपदेश अधिक कल्याणकारी सिद्ध होता है। मित्र के

उपदेश का जितना प्रभाव हृदय पर पड़ता है, उतना और किसी का नहीं।

(i)सच्चा मित्र किस प्रकार होता है ?

(ii) सच्चे मित्र और शिक्षक में क्या समानता है ?

(iii)मनुष्य पाप की ओर क्यों दौड़ता है ?

(iv)उचित शीर्षक लिखिए।

**Question 6**

**Answer the following according to the instructions given:** **[4]**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :**

(i)प्रतिनिधि शब्द का अंग्रेज़ी अर्थ है :

(professor, selection, representative)

(ii)'जो हमेशा सत्य बोले' - एक शब्द लिखिए :

(सत्यवादी, स्वार्थी, आस्तिक)

(iii)कीमती - शब्द का विलोम शब्द है :

(सस्ता, गलत, अस्वस्थ)

(iv)माँ मुझे पढ़ाती है। - वाक्य किस काल में है :

(भूतकाल, वर्तमानकाल भविष्यत्काल)

(v) ......................... कही किसी का इंदजार नहीं करता।

(समय, अंग्रेज़, भगवान)

(vi)........................ विख्यात कवि थे।

(तेनालीराम, कृष्णदेव राय, दरबारी)

(vii)महात्मा बुद्ध के बचपन का नाम ............ था।

(सिद्धार्थ, सिद्धानन्द, सिंधव)

(viii) क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का बोध होता है उसे ........... कहते है।

(सर्वनाम, काल, क्रिया)

**Question 7**

**Write the number names in Hindi** **[3]**

**गिनतियाँ लिखिए : [हिंदी में ]**

35, 24, 41, 50, 19, 33

**Question 8**

**Write the poem: [ 8 lines]** **[4]**

**पद्यभाग पूरा करो : [ 8 Lines]**

चंदा मामा .................

..................सुनाती है।

**Question 9**

**Write the answer in one word:** **[5]**

**एक शब्द में उत्तर लिखिए :**

(i) डॉ राधाकृष्णन ने अपने जन्मदिन को किस रूप में मानाने का अनुरोध किया ?

(ii)चंदा मामा कैसा है ?

(iii)किसके जीवन में समय का सर्वाधिक महत्त्व है ?

(iv)सारे पुरस्कारों को कहाँ रखा गया था ?

(v)महात्मा बुद्ध भ्रमण करते - करते शिष्यों के साथ कहाँ पहूँचे ?

**Question 10**

**Answer the following questions:** **[6]**

**उत्तर लिखो :**

(i)महात्मा बुद्ध शिष्य की कौन - सी बात सुनकर अधिक प्रसन्न हुए ?

(ii)तेनालीराम थाली को दुपट्टे से क्यों ढक रहे थे ?

(iii)गुड़िया के चेहरे पर चिंता की रेखा क्यों आ गई है ?

(iv)समय धन से भी अधिक कीमती क्यों बताया गया है ?

******